## Hindi Update No 292 on problems faced while filing GSTR-3B of August Months

पिछले अपडेट में हमने बताया कि जीएसटीआर-3बी का नया format है जिसके अनुसार हमने अगस्त महीने का जीएसटीआर-3बी फ़ाइल किया है। परंतु जब हमने GSTR-2B का reconciliation किया तब कुछ दिक्कतें आई थी जिसका हमने नीचे विवरण दिया है,

1. जैसे की GSTR-3B की table 4(A)(1) में हमको "Imports of Goods" की details देनी होती है। और GSTR-2B में यह figure Auto-populate होके आता है परंतु कई बार यह figure ICE-GATE की वेबसाइट से GSTR-2A/2B में नहीं आता है तथा GST Portal में "Search BoE" सेक्शन में Bill of Entry की डिटेल्स अपलोड करके GSTR-2A/2B में reflect किया जा सकता है। अगर फिर भी "Bill of Entry" की डिटेल्स GSTR-2A/2B में नहीं आती है तो हमको जीएसटी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करनी चाहिए।
2. अगर इम्पोर्ट किया हुआ माल "Goods-in-Transit" हो और यह जीएसटीआर-3बी में Auto-populated होके आ रही है तो हमको उस इंपोर्टेड "Goods-in-Transit" की ITC को table 4(A)(1) में नहीं दिखाना है। अब चूंकि इंपोर्टेड "Goods-in-Transit", table 4(A)(1) में नहीं दिखाया है तो इसका table 4(B)(2) [ "Other Reversal"] में भी नहीं दिखाना है।
3. Table 4(A)(2) में "Import of Service" को दिखाया जाता है और अगर इस ITC में कुछ Ineligible ITC हो तो उसका amount, total amount में से कम करना होगा क्यूकी इस Table की Ineligible ITC को 4(B)(1) में नहीं दिखाया जाता है।
4. Table 4(A)(3) में हमको RCM की ITC को दिखाना होता है, इसमे भी अगर इस ITC में कुछ Ineligible ITC हो तो उसका amount, total amount में से कम करना होगा क्यूकी इस Table की

Ineligible ITC को 4(B)(1) में नहीं दिखाया जाता है।

5. Table 4(A)(4) में हमको ISD [ Input Service Distributor] की ITC को दिखाना होता है, इसमे भी अगर इस ITC में कुछ Ineligible ITC हो तो उसका amount, total amount में से कम करना होगा क्यूकी इस Table की Ineligible ITC को 4(B)(1) में नहीं दिखाया जाता है।

6. Table 4(A)(5) में हमको All Other ITC को दिखाना होता है, जो की जीएसटीआर-2बी से auto-populate होके आती है परंतु यह amount कभी कभी जीएसटीआर-2बी से Match नहीं होती है जिसके निम्न कारण हो सकते है।

   A. All Other ITC का amount GSTR-2B के 'B2B' , 'B2BA' and 'Debit Note' सेक्शन की टोटल होती है । परंतु 'B2BA' की वजह से कई बार Auto-populated Figure से मैच नहीं होता है। इसलिए जिस महीने का amendment हुआ है उस महीने का original amount से compare करना चाहिए। क्यूंकि Auto populated Figure में केवल amendment की वजह से जो amount में जो changes हुवे है वही आता है।

   B. अगर ऊपर दिये हुवे explanation के बाद भी difference रह जाता है तो जीएसटी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए।

7. Table 4(B)(1) में हमको CGST Rule 38,42,43 के अनुसार reverse करनी है और उसके साथ, जो ITC, current month के GSTR-2B में reflect हो रही है परंतु section 17(5) में आती है उसको भी इसी table में दिखाना है। ध्यान रखने वाली बात यह की इस table में केवल Rule 38/42/43 और section 17(5) की ITC का ही Reversal दिखाना है तथा Table 4(A)(1), Table 4(A)(2), Table 4(A)(3), Table 4(A)(4), की ineligible ITC को यहाँ नहीं दिखाना है, उन ITC का respective table में ही net-off figure दिखाना है।

8. Table 4(B)(2) में जो क्रेडिट नोट जीएसटीआर-2बी में रिफ्लैक्ट हो रही

है , वो ऑटो पोपुलटेड होके आते है।

इस table में निम्न बदलाव करते है –

A. जो ITC "All Other ITC" में आ रही परंतु महीने के अंत तक "Goods-in-transit" है, उसकी ITC को यहाँ पर दिखाना है।

B. जो ITC "All Other ITC" में आ रही परंतु उसका original invoice नहीं आया है तो उस ITC का reversal भी यही दिखाना है।

C. जो ITC "All Other ITC" में आ रही है परंतु यह पता नहीं है की यह invoice हम से related है या नहीं, तो उस ITC का reversal भी यही दिखाना है।

D. जो क्रेडिट नोट " Other Reversal" में auto-populated होके आ रही है परंतु वो अपने से related नहीं है तो उस क्रेडिट नोट की ITC का amount को "Other Reversal" से कम करना है।

E. जो डेबिट नोट हमने supplier को issue किया है तथा अपनी Books of Accounts में reverse कर दी परंतु supplier ने हमको क्रेडिट नोट issue नहीं किया और अगर credit note issue कर दिया परंतु जीएसटीआर-2बी में नहीं दिख रहा है तो भी उस ITC का amount का यहाँ दिखाना है और ITC को reverse करना है।